अलविदा 'स्वर कोकिला'

# याद कर भावुक हुई तानसेन की नगरी

संजीव कुमार शर्मा

**ग्वालियर, 12अप्रैल।** सुरों की मल्लिका, पद्म विभूषण आशा भोंसले के निधन की खबर ने आज संगीत की राजधानी ग्वालियर को शोक की लहर में डुबो दिया है। ग्वालियर से आशा ताई का नाता केवल एक कलाकार और शहर का नहीं था, बल्कि एक आत्मिक लगाव का था। आज उनके जाने पर शहर के संगीतकारों और उन पलों के साक्षी रहे पत्रकारों की आँखें नम हैं।

**जब रूप सिंह स्टेडियम में गूंजी थी 'आशा' की आवाज:** वह ऐतिहासिक शाम आज भी ग्वालियर वासियों के जेहन में ताजा है, जब आशा भोंसले ने स्थानीय रूप सिंह स्टेडियम में एक विशाल संगीत कार्यक्रम किया था। दूधिया रोशनी में नहाए उस मैदान में जब उन्होंने माइक संभाला, तो पूरा स्टेडियम तालियों की गड़गड़ाहट से गूँज उठा था। उस कार्यक्रम के दौरान उन्होंने मंच से झुककर ग्वालियर की मिट्टी को नमन किया था और कहा था, 'यह तानसेन की नगरी है, यहाँ सुर बसते हैं। इस पवित्र भूमि पर परफॉर्म करना मेरे लिए किसी तीर्थ यात्रा से कम नहीं है। ग्वालियर का संगीत के प्रति जो संस्कार है, वह दुनिया में कहीं और नहीं मिलता।'

**सुरों के जरिए हमेशा अमर रहेंगी 'ताई':** ग्वालियर के पहाड़ों से टकराने वाली हवाओं में आज एक उदासी है, लेकिन संगीत प्रेमी मानते हैं कि आशा भोंसले अपने गीतों के जरिए हमेशा जीवित रहेंगी। रूप सिंह स्टेडियम की वह शाम और तानसेन की नगरी को दिया गया उनका वह 'सलाम' अब ग्वालियर के सांस्कृतिक इतिहास का एक अनमोल हिस्सा बन चुका है। प्रशासन और स्थानीय कला जगत ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा है कि ग्वालियर हमेशा अपनी इस 'बेटी' के सुरीले अंदाज को याद रखेगा।

आशा भोंसले जी अदभुत प्रतिभा की धनी थी ऐसे बिरले कलाकार सदियों में ही धरती पर जन्म लेते हैं आशा भोसले जी केवल एक नाम ही नहीं अपितु दुनिया में बॉलीवुड के संगीत की एक पहचान थी अपने जीवन काल में अनेक भाषाओं में गीत गाए यह केवल सरस्वती जी का वरदान हो सकता है और हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि सरस्वती जी की ऐसी पुत्री ने हमारे देश में जन्म के लिए जिसने पूरी दुनिया में हमारे संगीत की प्रस्तुति देकर देश का नाम रोशन किया है आशा जी की आवाज़ और संगीत राष्ट्रीय धरोहर है जिसे संजोग कर रखना आने वाली पीढी का कर्तव्य और ज़िम्मेदारी है



जब 20 साल पहले आईं थीं ग्वालियर

## सुरों की 'आशा' को ग्वालियर का नमन :, सामाजिक संस्थाओं ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

स्वर कोकिला आशा भोंसले के निधन से ग्वालियर के कला और सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर है। शहर की विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं ने शोक सभाएं आयोजित कर उन्हें याद किया और संगीत जगत में उनके योगदान को अविस्मरणीय बताया। लोक चेतना मंच के अभिमन्यु सिंह सेंगर समेत अन्य सदस्यों ने कहा कि आशा जी ने भारतीय संगीत को पूरे विश्व में सम्मान दिलाया। उनके गीतों में भक्ति, करुणा और भावनाओं का जो संगम था, वह विरल है। आदर्श विश्व शांति एकता मंच के दीपक और राम कुमार ने आशा को 'शांति और सद्भाव' की आवाज बताया। उन्होंने कहा कि उनके गीतों ने दशकों तक समाज को जोड़ने और सुकून देने का कार्य किया है। ऑल वर्ल्ड सुपरस्टार संजय दत्त फ्रेंड्स क्लब के सुनीत शर्मा और अन्य सदस्यों ने आशा ताई के प्रति अपना सम्मान व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने फिल्मी संगीत को एक नई ऊंचाई दी। ग्वालियर के प्रशंसकों के लिए उनका जाना एक व्यक्तिगत क्षति की तरह है। श्री रामराजेश्वरी सेवा संस्थान की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उपाध्यक्ष सरला शर्मा ने कहा गया कि आशा जी की आवाज में जो पवित्रता और विविधता थी, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए एक महान विरासत है। शोक व्यक्त करने वालों में अरुण सिंह तोमर, राजवीर राठौर, राकेश शर्मा, भोलेराम, धीरज झा, मनोज तोमर, बलवीर गुर्जर, कुलदीप यादव, अरविंद श्रीवास्तव सहित शहर के अन्य गणमान्य नागरिक व कला प्रेमी शामिल रहे। सभी ने सामूहिक रूप से ईश्वर से प्रार्थना की कि संगीत की इस महान विभूति को अपने श्रीचरणों में स्थान दें।

### संगीतकारों और पत्रकारों की प्रतिक्रियाएं



आशा ताई का जाना संगीत के एक युग का अंत है। रूप सिंह स्टेडियम वाले कार्यक्रम में मैं भी मौजूद था। उन्होंने शास्त्रीय संगीत की बारीकियों को जिस तरह सुगम संगीत में पिरोया, वह अद्भुत था। ग्वालियर घराने की बंदिशों के प्रति उनका आदर हमेशा झलकता था। संगीत जगत ने अपना सबसे चमकता सितारा खो दिया है।

**संजय देवले, तबला वादक**



मुझे याद है जब वह रूप सिंह स्टेडियम के मंच पर आईं, तो उन्होंने सबसे पहले तानसेन और ग्वालियर के संगीत सम्राटों का जिक्र किया था। एक पत्रकार के तौर पर मैंने देखा कि उनके भीतर कोई अहंकार नहीं था। उन्होंने उस रात ग्वालियर की जनता से जो संवाद किया, वह आज भी कानों में गूंजता है। उनका निधन व्यक्तिगत क्षति जैसा महसूस हो रहा है।

**वरिष्ठ पत्रकार सुरेश सम्राट**
**( साक्षी रहे उस ऐतिहासिक शाम के )**



हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि सरस्वती जी की ऐसी पुत्री ने हमारे देश में जन्म के लिए जिसने पूरी दुनिया में हमारे संगीत की प्रस्तुति देकर देश का नाम रोशन किया है आशा जी की आवाज़ और संगीत राष्ट्रीय धरोहर है जिसे संजोग कर रखना आने वाली पीढी का कर्तव्य और ज़िम्मेदारी है

**योगेश शर्मा, संगीत विभागाध्यक्ष**
**सिंधिया स्कूल ग्वालियर**



2006 में सिंधिया स्कूल का 50 वां स्थापना समारोह था जिसमें ओल्ड गर्ल्स ने कार्यक्रम किया था। कार्यक्रम में उषा ताई ने अपनी परफॉर्मेंस दी थी और सभी स्टूडेंट की तारीफ की थी। मैं उस कार्यक्रम की संयोजिका थी, ताई का व्यवहार सभी छात्राओं के लिए एक दीदी जैसा था, उनका इस दुनियां से जाना संगीत जगत के लिए गहरी क्षति है। **डॉ ज्योति बिंदल**

आशा ताई जब ग्वालियर आई तो मैंने उनका एक छोटा सा इंटरव्यू किया था,मेरे साथ भूपेंद्र साहू कैमरामैन भी था। मैंने कुछ उनसे पर्सनल सवाल किए थे जिसको लेकर आशा ताई बेहद सख्त और नाराज हो गई थी। मैंने उनसे पूछा था कि आपकी बहन लता मंगेशकर आपके कुछ गानों को पसंद नहीं करती हैं, क्या वह जानबूझकर आपको सेकंड पर रखना चाहती हैं। तब उन्होंने कहा था कि, आप कैसे प्रशन करते हैं क्या आपको इतना नही पता हैं कि कोई बहन किसी भी बहन को सेकंड पर नहीं रखती है। मेरा इशारा उनके द्वारा गाए गए कुछ गानों पर था, आशा ताई ने कहा कि कोई गाना अश्लील नही होता, मेरी नजर में किसी गाने में कोई अश्लीलता नहीं होती यह सिर्फ नजरिया है।

**तानसेन तिवारी,पत्रकार**



# बाबा राजा बाक्षर का 11 दिवसीय 'शताब्दी उर्स' शुरू

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 12अप्रैल।** हिंदू-मुस्लिम एकता और सर्वधर्म समभाव का प्रतीक, बाबा राजा बाक्षर का 11 दिवसीय शताब्दी उर्स समारोह आज पूरी अकीदत और श्रद्धा के साथ प्रारंभ हो गया। ग्वालियर के दौलतगंज स्थित इस दरगाह-मंदिर परिसर में सुबह से ही धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला शुरू हुआ, जिसमें शहर की मिली-जुली संस्कृति की झलक देखने को मिली। बाबा राजा बाक्षर का यह शताब्दी उर्स ग्वालियर की उस परंपरा को जीवंत करता है, जहां एक ही चौखट पर माथा टेकने के लिए हर धर्म के लोग पहुंचते हैं। 11 दिनों तक चलने वाले इस उत्सव में शहर के विभिन्न हिस्सों से लोग शामिल होकर अमन-चैन की दुआ मांगेंगे।

### धार्मिक अनुष्ठानों का संगम

राजा बाक्षर के गद्दी नशीन तरुण सूर्यवंशी ने बताया कि शताब्दी उर्स के पहले दिन सुबह 6 बजे 'न्याज' अता की गई, जिसके बाद सुबह 7 बजे बाबा का अभिषेक किया गया। सुबह 9 बजे आरती का आयोजन हुआ। दोपहर 2 बजे पुन: न्याज हुई और फकीरों के लिए विशाल 'लंगर' का आयोजन किया गया। उर्स के विशेष आकर्षण के रूप में कल, 13 अप्रैल को एक भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा सनातन धर्म मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होती हुई दौलतगंज स्थित राजा बाक्षर मंदिर पर संपन्न होगी।

## जिले में पीएनजी कनेक्शन को बढ़ावा



**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 12 अप्रैल।** ग्वालियर जिले में रसोई गैस की सुचारू आपूर्ति के लिये पीएनजी कनेक्शन को बढ़ावा दिया जा रहा है। पीएनजी कनेक्शन की संख्या बढ़ाकर लक्ष्य पूरा करने के उद्देश्य से अवंतिका गैस लिमिटेड द्वारा आईटीआई ग्वालियर में ओरियंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पीएनजी गैस कनेक्शन देने के लिये आवश्यक मैनपावर बढ़ाने पर जोर दिया गया। साथ ही विद्यार्थियों को पीएनजी कनेक्शन के फायदे के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में आईटीआई ग्वालियर के प्राचार्य पुष्कर बंसल और खाद्य विभाग के सहायक आपूर्ति अधिकारी सहित गैस कंपनी के प्रतिनिधि शामिल हुए।

# शहर के दो मंदिरों में संगीतमय हुआ सुंदरकांड पाठ



### अध्यात्म और उमंग का संगम

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 12अप्रैल।** ग्वालियर में हनुमान जी की भक्ति दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है हनुमान जन्मोत्सव पर शुरू हुए धार्मिक आयोजन अभी भी लगातार शहर में हो रहे हैं। रविवार को भी शहर में दो अलग-अलग हनुमान मंदिरों पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। हनुमान मंदिर, सर्किट हाउस, तानसेन रेजिडेंसी के पहले, गांधी रोड पर शहर के बुधौलिया परिवार की प्रीति शर्मा ने सुंदरकांड पाठ का आयोजन करवाया। प्रीति शर्मा ने बताया कि उन्होंनें परिवार और मित्रगणों के साथ जीवन के महत्वपूर्ण पड़ाव को यादगार बनाने के लिए विशेष रूप से संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया है। यह कार्यक्रम आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया गया, तानसेन की नगरी के प्रसिद्ध गायकों और संगीतकारों द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ की प्रस्तुति दी गई, जिसमें शहर के कई गणमान्य नागरिक ने हनुमान जी की भक्ति के साथ-साथ जन्मोत्सव का पारंपरिक उल्लास भी मना। संगीतमय सुंदरकांड पाठ के विश्राम के पश्चात, उपस्थित सभी अतिथिगण 'भोजन प्रसादी' ग्रहण किया। आयोजन स्थल पर हनुमान जी की विशेष झांकी और फूलों की सजावट की गई है। सुंदरकांड पाठ का दूसरा आयोजन कैंसर पहाड़िया स्थित मौनी बाबा आश्रम हनुमान मंदिर में आयोजित हुआ। विश्व में बढ़ रही नकारात्मकता को सकारात्मक ऊर्जा में बदलने के उद्देश्य से एक दिवसीय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन समाजसेवी अमित शर्मा ने किया, जिसमें गायक आदर्श खेमरिया एवं उनके मित्रों की मंडली ने सुंदर भजनों एवं मधुर संगीत के साथ सुंदरकांड पाठ प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीराम दरबार के चित्र के समक्ष विधिवत पूजन एवं मंत्रोच्चारण के साथ हुई। वर्तमान समय में लगातार चल रही युद्ध जैसी परिस्थितियां,अनियमित जीवनशैली एवं मोबाइल स्क्रीन का अत्यधिक उपयोग युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है। इसके चलते युवाओं में तनाव, चिड़चिड़ापन और नकारात्मकता बढ़ती जा रही है। इन्हीं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए इस आयोजन का उद्देश्य लोगों को मानसिक शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करना रहा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अमित शर्मा, प्रशांत झा, करण राठौर, शुभम साहू, विशाल एवं अनूप पांडे सहित अन्य धर्मप्रेमी उपस्थित रहे।

## 'नारी शक्ति वंदन' सम्मेलन बाल भवन में आज

**ग्वालियर 12 अप्रैल।** प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति में आज 13 अप्रैल को प्रात: 11 बजे विज्ञान भवन नई दिल्ली में 'नारी शक्ति वंदन' सम्मेलन का आयोजन होगा। इसी तरह ग्वालियर स्थित बाल भवन में प्रात: 11 बजे जिला स्तरीय 'नारी शक्ति वंदन' सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी के उदबोधन का सीधा प्रसारण होगा। डीडी न्यूज एवं वेबकास्ट पर प्रधानमंत्री मोदी का यह उद्बोधन उपलब्ध रहेगा। बाल भवन में आज 13 अप्रैल को आयोजित होने जा रहे जिला स्तरीय सम्मेलन में कलेक्टर रुचिका चौहान ने विशेष रूप से महिला जनप्रतिनिधिगण, महिला उद्यमी, महिला अधिकारी-कर्मचारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं इत्यादि को आमंत्रित करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए हैं।

# सेनेटरी दुकान में सेंध लगाने वाले गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 12अप्रैल।** शहर में चोरी और नकबजनी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाटीपुर थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने जीवाजी नगर स्थित एक सेनेटरी दुकान में लाखों की चोरी करने वाले एक शातिर बदमाश और उसके साथी बाल अपचारी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से शत-प्रतिशत मशरूका (चोरी का माल) बरामद कर लिया है, जिसकी कीमत करीब 3 लाख रुपये बताई जा रही है।

**दीवार में सेंध लगाकर की थी चोरी:** मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि बीती 8 अप्रैल को फरियादी राहुल काकोरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि जीवाजी नगर स्थित उनकी सेनेटरी दुकान में 7 और 8 अप्रैल की दरमियानी रात चोरों ने पीछे के दरवाजे का ताला तोड़कर और दीवार में सेंध लगाकर लाखों का सामान पार कर दिया था। इस शिकायत पर पुलिस ने धारा 331(4) और 305(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

**सीसीटीवी और 'बरसाती' ने खोला राज:** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह और अति. पुलिस अधीक्षक अनु बेनीवाल के निर्देशन में थाना प्रभारी विपेन्द्र सिंह चौहान की टीम ने जब घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, तो कुछ लोग उन्हें संदिग्ध नजर आए। शातिर चोरों ने पहचान छिपाने के लिए बारिश का फायदा उठाया और प्लास्टिक की बरसाती (रेनकोट) पहनकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।

मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस ने सबसे पहले श्रीनगर कॉलोनी से एक 17 वर्षीय बाल अपचारी को अभिरक्षा में लिया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने करीब डेढ़ लाख का सामान बरामद किया। कड़ाई से पूछताछ के बाद दूसरे आरोपी कालू जाटव (20 वर्ष) निवासी श्रीनगर कॉलोनी को भी धरदबोचा गया। थाटीपुर पुलिस अब आरोपियों से क्षेत्र में हुई अन्य चोरी की घटनाओं के संबंध में भी पूछताछ कर रही है। पुलिस की इस मुस्तैदी की वरिष्ठ अधिकारियों ने सराहना की है।


WALK IN INTERVIEW
for the post of
SPECIAL EDUCATOR
COUNSELLOR &
WELLNESS TEACHER
KIDDY'S CORNER
HR. SEC. SCHOOL
Shivpuri Road, Gwalior
Time : 09:30 to 01:30 (Working Days)
Contact Nos.
6264200178, 9188071294
E-mail: principalkcsgwl@gmail.com


# शासकीय सेवकों को स्व-गणना के लिये प्रोत्साहित करें : कलेक्टर



### कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी श्रीमती चौहान द्वारा दिशा-निर्देश जारी

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 12 अप्रैल।** सभी विभागों के कार्यालय प्रमुख अपने अधीनस्थ शासकीय सेवकों को स्वगणना करने के लिये प्रोत्साहित करें। मौजूदा माह में अधीनस्थ शासकीय सेवकों से 16 से 30 अप्रैल के दौरान जनगणना संबंधी जानकारी भरने की प्रक्रिया में पारंगत कराया जाए। इस आशय के निर्देश कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने सभी विभागों के अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने कहा है कि जनगणना में शासकीय सेवकों की सक्रिय भागीदारी एक अनुकरणीय उदाहरण स्थापित करेगी। इससे व्यापक जन सहभागिता को भी प्रोत्साहन मिलेगा। साथ ही राष्ट्रीय महत्व का यह कार्य कुशल, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हो सकेगा।

ज्ञात हो भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त कार्यालय द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत ग्वालियर जिले में भी दो चरणों में जनगणना होगी। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना (एचएलओ) कार्य किया जायेगा। मध्यप्रदेश में 01 मई से 30 मई 2026 तक किया जायेगा। इस चरण का उद्देश्य द्वितीय चरण अर्थात जनसंख्या गणना के लिये मास्टर फ्रेम तैयार करना है।


### पहली बार हो रही है डिजिटल जनगणना

देश में पहली बार डिजिटल रूप से जनगणना होने जा रही है। साथ ही देश में पहली बार स्व-गणना का अवसर भी लोगों को दिया गया है। जिसके तहत कोई भी व्यक्ति एसई वेब पोर्टल के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में जनगणना संबंधी 34 बिंदुओं में अपनी जानकारी स्वयं भर सकेंगे। प्रथम चरण में प्रगणक घर-घर जाकर मकान सूचीकरण व मकानों की गणना का कार्य करेंगे। साथ ही लोगों द्वारा स्वत: ही मोबाइल एप पर 34 बिंदुओं में भरी गई जानकारी की जांच कर सत्यापन भी करेंगे।

## शिवहरे कांग्रेस में शामिल

**ग्वालियर 12 अप्रेल।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव के नेतृत्व में कांग्रेस भवन, शिंदे की छावनी पर आयोजित कार्यक्रम में समाजसेवी एवं पूर्व पार्षद मनोज कुमार शिवहरे ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव ने उन्हें कांग्रेस का दुपट्टा पहनाकर पार्टी में शामिल कराया। आज भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से जनता परेशान है और लोग कांग्रेस की विचारधारा से जुड़ रहे हैं। मनोज कुमार शिवहरे जैसे जमीनी कार्यकर्ता के कांग्रेस परिवार में आने से संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। मनोज कुमार शिवहरे ने कहा कि मैं पूरी निष्ठा और ईमानदारी से पार्टी संगठन को मजबूत करने तथा जनता की सेवा के लिए कार्य करूंगा। कार्यक्रम में अरूण केन, जेएच जाफरी, राजीव शर्मा, भूपेन्द्र मिक्की तोमर, रामबाबू श्रीवास, संजीव दीक्षित, श्याम गौतम, अभिषेक पाल, राकेश बाथम, दिलीप पाल आदि उपस्थित थे।

# पूर्ण गुरु ही कराते हैं ईश्वर का साक्षात्कार : साध्वी मेरुदेवा



**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 12अप्रैल।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा गोले का मंदिर स्थित इंद्रप्रस्थ गार्डन में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कथा व्यास मेरुदेवा भारती ने कृष्ण जन्म के आध्यात्मिक रहस्यों को उजागर करते हुए भक्तों को भावविभोर कर दिया। आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी मेरुदेवा भारती ने कहा कि जैसे कृष्ण जन्म के समय वासुदेव-देवकी की बेड़ियाँ स्वत: खुल गई थीं, वैसे ही ईश्वर का प्रकटीकरण जीवात्मा को जन्म-जन्मान्तर के कर्म बंधनों से मुक्त कर देता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ईश्वर कण-कण में है, लेकिन एक पूर्ण गुरु ही ब्रह्मज्ञान के माध्यम से उसका साक्षात्कार कराता है। गुरु द्वारा प्रदान की गई ध्यान साधना की 'ज्ञान अग्नि' ही मनुष्य के पाप संस्कारों को समाप्त करने में सक्षम है। कथा के दौरान आज मुख्य रूप से ग्वालियर विधायक सतीश सिकरवार, कैट अध्यक्ष रवि गुप्ता, समाजसेवी कैलाश अग्रवाल और अजय वाजपेयी उपस्थित रहे।

### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

संस्थान के प्रकल्प 'आरोग्य' के अंतर्गत कथा स्थल पर एक विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया। इसमें फिजियोथेरेपिस्ट और सामान्य रोग विशेषज्ञों ने 400 से अधिक लोगों की जांच कर उन्हें परामर्श दिया। श्रीमद्भागवत कथा का यह ज्ञान यज्ञ 14 अप्रैल तक दोपहर 3 बजे से सायं 6 बजे तक जारी रहेगा।



आगामी
परशुराम जयंती एवं
अक्षय तृतीया
(20 अप्रैल) की एवं
गुरु अमरदास जयंती
(30 अप्रैल) की एवं
Mother's day (10 मई) की
सभी देशवासियों को
हार्दिक शुभकानाएं।
प्रो- एस.एन. शुक्ला (गणित)
AM-70, डी डी नगर, ग्वालियर
Mob. 9243218074


## अंबेडकर की जयंती पर कांग्रेस करेगी नमन



**ग्वालियर 12 अप्रेल।** 14 अप्रैल को संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर की 135वीं जयंती पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव के नेतृत्व में प्रात: 9 बजे फूलबाग स्थित अंबेडकर पार्क में स्थापित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजली अर्पित की जाएगी। यादव ने बताया कि निर्धारित समय पर सभी कांग्रेसजन सीधे अंबेडकर पार्क पहुचेंगे, जहां पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजली अर्पित की जाएगी।

# 3,02,867 लाड़ली बहनाओं के खातों में पहुँची 44 .80 करोड़ से अधिक धनराशि

### मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक के जरिए प्रदेश भर की लाड़ली बहनाओं के खातों में राशि अंतरित की



**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 12 अप्रैल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्वालियर जिले की 3 लाख 2 हजार 867 लाड़ली बहनाओं के खातों में रविवार को 44 करोड़ 80 लाख 38 हजार रुपए से अधिक धनराशि अंतरित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सीहोर जिले के आष्टा में आयोजित हुए महिला सशक्तिकरण सम्मेलन के माध्यम से ग्वालियर जिले की लाड़ली बहनाओं सहित प्रदेश भर की लगभग 1.25 करोड़ लाड़ली बहनाओं के खातों में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की 35 वीं किश्त के रूप में कुल 1836 करोड़ रुपये की राशि सिंगल क्लिक के जरिए अंतरित की।

ग्वालियर जिले के विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों सहित अन्य स्थानों पर वेबकास्टिंग के जरिए लाड़ली बहनाओं ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का उदबोधन सुना। साथ ही लाड़ली बहना योजना की 35वी किस्त खातों में आने पर अपनी खुशियां साझा कीं।


डॉ. कुमार क्लीनिक
DR. DINESH KUMAR
M.B.B.S., PGDS, FSPT
SEXYOLOGIST
गुप्त रोग विशेषज्ञ
नवीन पद्धति द्वारा 100% सफल इलाज
2000 से अधिक रोगियों का विश्वास
पता-सिल्वर एस्टेट के पास, सिटी सेन्टर, अभियंक एस्टेट ग्वालियर
संपर्क करें-9090848460